विज़न न्यूज़ सर्विस

# नकली मोबाइल-पावर बैंक बेचने वाले 2 दुकानदार गिरफ्तार

by **VNS**

November 25, 2021



नकली मोबाइल-पावर बैंक बेचने वाले 2 दुकानदार गिरफ्तार

रायपुर (वीएनएस)। राजधानी रायपुर के रविभवन में स्थित एप्पल कंपनी का नकली मोबाइल और पावर बैंक बेचने वाले दुकानों पर गोलबाजार थाने की पुलिस ने दबिश दी। एप्पल कंपनी की विजिलेंस टीम के साथ पहुंची पुलिस ने दो दुकानों की जांच की। ये दुकानदार एप्पल कंपनी के नकली उत्पाद को असली बताकर बेचने वाले दो दुकान संचालक विनय कृष्णानी और अशोक कुमार चेनानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इन आरोपित दुकानदारों के दुकान और गोदाम से भारी मात्रा में एप्पल कंपनी के आईफोन, नकली मोबाइल कवर, एप्पल कंपनी के नकली लाइटिंग केबल, यूएसबी केबल, यूएसबी पावर एडाप्ट, एप्पल कंपनी के वायरलेस इयरफोन समेत भारी मात्रा में एप्पल कंपनी का नकली सामान जब्त किया गया। पुलिस और एप्पल कंपनी के विजिलेंस टीम के अनुसार बरामद सामानों की कीमत करीब 1 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपित दुकानदारों के खिलाफ कापीराइट एक्ट के तहत मामला किया दर्ज किया है ।

काफी दिनों से विजिलेंस टीम को मिल रही थी जानकारी

एप्पल कंपनी के विजिलेंस टीम में शामिल दो अधिकारियों ने पुलिस को बताया कि काफी दिनों से गोलबाजार के रविभवन में कंपनी का नकली मोबाइल और एसेसरीज बेचने की जानकारी मिल रही थी। छत्तीसगढ़ में बिक्री कम होने के बाद कंपनी के अधिकारियों ने जब पता लगाना शुरू किया तो उनको यह जानकारी मिली।

एक दिन पहले फास्टट्रेक कंपनी की टीम ने दी थी दबिश

गोलबाजार में ं सुपर बेल्ट हाउस पर फास्टट्रेक कंपनी की टीम ने पुलिस के साथ दबिश दी। दुकान से कंपनी का नकली बेल्ट, पर्स और घड़ी बेचते दुकानदार अब्दुल कयूम को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दुकान से भारी मात्रा में कंपनी का बेल्ट, पर्स और घड़ियां मिली थी। पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ कापीराइट एक्ट में कार्रवाई की थी।

Source: https://www.visionnewsservice.in/176383/raipur-latest-news/